# Class - IV

## Hindi Worksheet Solutions :-

उत्तर1- हिन्दी के अलावा संस्कृत, मराठी, नेपाली और गुजराती भाषाओं की लिपि देवनागरी है।

उत्तर2- भाषा के तीन रूप / भेद है -
i) मौखिक भाषा
ii) लिखित भाषा
iii) सांकेतिक भाषा

उत्तर3- हम भाषा के सही नियमों को जानने के लिए व्याकरण को सीखते है।

उत्तर4- प्राणी, वस्तु, स्थान, एवं भाव का बोध कराने वाले शब्दों को संज्ञा कहते है।
उदाहरण - राम, कलम, दिल्ली, ममता आदि।
संज्ञा के भेद :-
i) व्यक्तिवाचक संज्ञा।
ii) जातिवाचक संज्ञा।
iii) भाववाचक संज्ञा।

CLASSMATE
Date
Page

उत्तर 5-

| निश्चित संख्यावाचक विशेषण | अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण |
| --- | --- |
| संज्ञा की निश्चित संख्या का बोध करानेवाले विशेषण शब्द निश्चित संख्यावाचक विशेषण कहलाते हैं। | संज्ञा की अनिश्चित संख्या का बोध करानेवाले विशेषण शब्द अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण कहलाते हैं। |
| उदाहरण - पहला, दुगना, प्रत्येक आदि | उदाहरण - अनेक, चंद, लाखों आदि। |

उत्तर 6- सर्वनाम शब्द जब किसी संज्ञा के पहले आकर उसकी विशेषता बताते हैं, तब वे सार्वनामिक विशेषण कहलाते हैं।

उदाहरण - (यह) घर बंद पड़ा है।

↓

सार्वनामिक विशेषण

उत्तर 7-

| विलोम शब्द | पर्यायवाची शब्द |
| --- | --- |
| एक-दूसरे के विपरीत अर्थ देनेवाले शब्दों को विलोम शब्द कहते हैं। | एक जैसे अर्थ देने वाले शब्दों को पर्यायवाची शब्द कहते हैं। |
| उदाहरण - सुबह-शाम | उदाहरण:- नयन - आँख, नेत्र, चक्षु |

उत्तर 8- किसी भी व्यक्ति एवं वस्तु की गुण, धर्म, दशा या व्यापार का बोध कराने वाले शब्दों को भाववाचक संज्ञा कहते हैं।
उदाहरण - बुढ़ापा, मिठास, मित्रता आदि।

उत्तर 9- पत्र-लेखन के दो भेद -
i) औपचारिक पत्र
ii) अनौपचारिक पत्र

उत्तर 10- स्वतंत्रता दिवस, गणतंत्रता दिवस, गांधी जयन्ति।

11. लिंग बदलो –
उत्तर → अभिनेत्री, बाघिन, महोदया,
छात्रा, भतीजी ।

12. वचन बदलो –
उत्तर → मछलियाँ, रुपए, वधुएँ, कक्षाएँ,
गुड़ियाँ ।

13. विलोम शब्द –
उत्तर → अशुभ, गरमी, अनुपस्थित,
दानव, कठोर

14. पर्यायवाची शब्द –
उत्तर → कानन, अरण्य
प्रयत्न, प्रयास
भू, भूमि
रवि, भानु
नयन, नेत्र